<u>संदेश</u>

पारसी नव वर्ष नवरोज़ के पावन अवसर पर मैं, सभी देशवासियों विशेष रूप से पारसी भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

पारसी नव वर्ष नवरोज़ उल्लास, उमंग और आस्था का प्रतीक है, जो हमें क्षमाशीलता, दया और आपसी प्रेम का संदेश देता है। यह त्योहार हमारी संस्कृति की समृद्ध विविधता और समावेशिता को दर्शाता है। यह त्योहार हमें गरीब और बेसहारा लोगों की मदद करने और उनके साथ खुशियां बांटने का अवसर भी प्रदान करता है। कर्मठ और उद्यमी पारसी समुदाय का राष्ट्र के विकास में असाधारण योगदान है।

मेरी कामना है कि नव वर्ष का यह विशेष पर्व हम सबके जीवन में खुशहाली और समृद्धि लेकर आए और

देशवासियों के बीच परस्पर सौहार्द और भाइचारे को और मजबूत करे।

****